1/4/23, 4:10 PM

पटना, बुधवार
4 जनवरी, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

# पीपीयू ने दी 17 कालेजों को अस्थायी संबद्धता

जागरण संवाददाता, पटना : पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की 11वीं अकादमिक परिषद् की बैठक मंगलवार को कुलपति प्रो. आरके सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें पारंपरिक विषयों में अध्यापन के लिए आरएलएसवाई कालेज, अनिसाबाद को कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के एकाउंट ग्रुप में तथा आर लाल कालेज, नालंदा को गृहविज्ञान विषय में स्नातक प्रतिष्ठा के लिए सत्र 2023-2026 से स्थायी संबद्धता दी गई। पीटीजेएम कालेज, राजगीर, एसपी वर्मा कालेज, नालंदा, एपी कालेज, नदौल को 2023-2026 से दो वर्षों के लिए अस्थायी संबद्धता प्रदान की गई। बीलिस के लिए 60 सीटों के साथ अल्लामा इकबाल कालेज, नालंदा एवं कुसुमराज इजुकेशनल इंस्टीट्यूट, मोरियावां, विक्रम को नव संबद्धता प्रदान की गई। वेस्टर कालेज आफ मैनेजमेंट, पटना को बीबीएम एवं बीसीए की सीटों को 60 से बढ़ाकर 120 किया गया। बीबीए एवं बीसीए के लिए 60 सीटों के साथ आरपी कालेज दतियाना, मां शारदा कालेज आफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पटना, बलदेव कालेज आफ टेक्निकल एजुकेशन, पटना, डिपार्टमेंट आफ प्रोफेशनल स्टडीज, मां शीतला इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन, नालंदा को नव संबद्धता प्रदान की गई।

**11वीं अकादमिक परिषद् की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय**
**आधारभूत ढांचे में कमी के कारण दो कालेजों को नहीं मिली संबद्धता**

## प्रत्येक वर्ष अपडेट होगा ला और व्यावसायिक पाठ्यक्रम

अकादमिक परिषद् में तय किया गया कि राजभवन से अनुमोदित पाठ्यक्रम को ग्रहण करने के साथ बोर्ड आफ स्टडीज नियमित बैठक कर प्रति वर्ष ला, पीएचडी कोर्सवर्क सहित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को अपडेट करेगा। पीएचडी की गुणवता के लिए शोध पर्यवेक्षक को जिम्मेवार बनाया जायेगा। शोधार्थियों को अपने शोध निर्देशक के पदास्थापित कालेज में वर्ग अध्यापन भी करना होगा। नौकरी पेशा वाले शोधार्थी अवकाश लेंगे।

## सात कालेजों को मिली ला की पढ़ाई के लिए संबद्धता

एमजीएम कालेज आफ ला, बेला, नौबतपुर, अम्बेदकर ला कालेज, दानापुर, हिमालय ला कालेज, पालीगंज, जेपी कालेज आफ ला, नालंदा, इम्पैक्ट ला कालेज, पटना, सुरेन्द्र हेमंत कालेज फार लिगल स्टडीज, पटना को त्रिवर्षीय एलएलबी एवं पांच वर्षीय बीए एलएलबी के लिए सत्र 2023-24 से संबंधन प्रदान किया गया। एमजीएम कालेज आफ ला, बेला, नौबतपुर, अम्बेदकर ला कालेज, दानापुर, हिमालय ला कालेज, पालीगंज, पटना को बीबीए एलएलबी के लिए संबंधन प्रदान किया गया। बिहार इंस्टीट्यूट आफ ला, राजा बाजार, पटना को एलएलएम द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के लिए संबद्धता प्रदान की गई।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर

पटना 04-01-2023


पाटलिपुत्र विवि • एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिया गया निर्णय

# दो कॉलेजों को स्थाई, 17 को अस्थाई मान्यता

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की 11वीं एकेडमिक काउंसिल की बैठक कुलपति प्रो. आरके सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक में विवि निरीक्षक की अनुशंसाओं के आलोक में 14 वीं संबंधन तथा नव शिक्षण कार्यक्रम समिति की अनुशंसाओं को स्वीकृत करते हुए परिषद ने पारंपरिक विषयों के अध्यापन के लिए दो कॉलेजों को स्थाई तथा कुल 17 कॉलेजों को अस्थाई संबद्धता दी गई। इसके अतिरिक्त बैठक में 10वीं एकेडमिक काउंसिल के प्रस्तावों की स्वीकृति दी गई। साथ ही एजुकेशन की पढ़ाई को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

## इन कॉलेजों को दी गई मान्यता




विवि के द्वारा आरएलएसवाई कॉलेज, अनीसाबाद को कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के अकाउंट ग्रुप में तथा आरलाल कॉलेज, नालंदा को गृहविज्ञान में स्नातक प्रतिष्ठा स्तर तक स्थाई संबद्धता दी गई। वहीं पीटीजेएम कॉलेज, राजगीर, एसपी वर्मा कॉलेज, नालंदा, एपी कॉलेज, नदौल, को अस्थाई संबद्धता प्रदान किया गया। बीलिस के लिए 60 सीटों के साथ दो कॉलेजों अलम्मा इकबाल कॉलेज, नालंदा, एवं कुसुम राज एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, मौरियावां, विक्रम को नव संबद्धता प्रदान किया गया। वेस्टर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, पटना को बीबीएम एवं बीसीए में सीटों को 60 से बढ़ाकर 120 किया गया। बीबीए एवं बीसीए के लिए 60 सीटों के साथ आरपी कॉलेज दीघवारा, मां शारदा कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पटना, बलदेव कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, पटना, डिपार्टमेंट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, मां शीतला इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, नालंदा को नव संबद्धता प्रदान किया गया। चैतन्य कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, पटना एवं कामता प्रसाद सिन्हा कॉलेज, निकसी पालीगंज को संबद्धता प्रदान नहीं किया गया। एमजीएम कॉलेज ऑफ लॉ, बेला, नौबतपुर, अम्बेडकर लॉ कॉलेज, दानापुर, हिमालय लॉ कॉलेज, पालीगंज, जेपी कॉलेज ऑफ लॉ, नालंदा, इम्पैक्ट लॉ कॉलेज, पटना, सुरेन्द्र हेमंत कॉलेज फॉर लीगल स्टडीज, पटना को त्रिवर्षीय एलएलबी एवं पांच वर्षीय बीए एलएलबी के लिए संबंधन दिया गया। एमजीएम कॉलेज ऑफ लॉ, बेला, नौबतपुर, अम्बेडकर लॉ कॉलेज, दानापुर, हिमालय लॉ कॉलेज, पालीगंज, पटना को बीबीए एलएलबी के लिए संबंधन प्रदान किया गया। बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, राजा बाजार को भी संबद्धता प्रदान की गई।

### बोर्ड ऑफ स्टडीज सिलेबस को हर वर्ष करेगी अपडेट

एकेडमिक काउंसिल ने यह भी निर्णय लिया कि जो पाठ्यक्रम राजभवन से अनुमोदित हो चुके हैं, उनको ग्रहण करने के साथ ही छात्र हित में बोर्ड ऑफ स्टडीज नियमित बैठकें कर प्रतिवर्ष लॉ, पीएचडी कोर्स वर्क सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को अपडेट करेगी। एकेडमिक काउंसिल ने यह भी निर्णय लिया कि पीएचडी की गुणवत्ता के लिए शोध पर्यवेक्षक को जिम्मेवार बनाया जाएगा।

Scanned with CamScanner

11वीं अकादमिक परिषद की हुई बैठक, शोधार्थियों के लिए 75% उपस्थिति अनिवार्य

# पीपीयू ने दो कॉलेजों को स्थायी व 17 को दी अस्थायी सम्बद्धता

पटना, वरीय संवाददाता। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में मंगलवार को एकेडिमक काउंसिल की बैठक हुई। बैठक में एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों ने दो कॉलेजों को स्थायी मान्यता प्रदान की, वहीं 17 कॉलेजों को अस्थायी संबंद्धता दी गई।

बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आरके सिंह ने की। तय हुआ कि जो पाठ्यक्रम राजभवन से अनुमोदित हो चुके हैं उन्हें बोर्ड ऑफ स्टडीज नियमित बैठक कर प्रतिवर्ष लॉ, पीएचडी कोर्स वर्क सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को अद्यतन करेगा। साथ ही पीएचडी की गुणवता के लिए शोध पर्यवेक्षक को जिम्मेवार बनाया जायेगा। शोधार्थियों के लिए भी 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य की गई है। शोधार्थियों को अपने शोध-निर्देशक के कॉलेज में जहां वे पदस्थापित हैं, क्लास भी लेना होगा। नौकरी पेशा वाले शोधार्थियों को अपने विभाग से शोध अवधि तक अवकाश लेना होगा।काउंसिल ने आरएलएसवाई कॉलेज, अंनीसाबाद को कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के एकाउंट ग्रुप और आर. लाल कॉलेज, नालंदा को गृहविज्ञान विषय में स्नातक प्रतिष्ठा स्तर तक सत्र 2023-2026 से स्थायी संबद्धता दी है। वहीं पीटीजेएम कॉलेज, राजगीर, एसपी वर्मा कॉलेज, नालंदा, एपी कॉलेज, नदौल की सत्र 2023-2026 से दो वर्षों के लिए अस्थायी संबद्धता प्रदान की गई। इसके अलावा बी. लिस के लिए 60 सीटों के साथ दो कॉलेजों अलम्मा इकबाल कॉलेज, नालंदा और कुसुमराज इजुकेशनल इंस्टीट्यूट, मोरियावां, विक्रम को नव संबद्धता प्रदान की है। वेस्टर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, पटना में बीबीएम एवं बीसीए के 60 सीटों से बढ़ाकर 120 किया गया। बीबीए व बीसीए के लिए 60 सीटों के साथ आरपी कॉलेज दतियाना, मां शारदा कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पटना, बलदेव कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, पटना, डिपार्टमेंट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, मां शीतला इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, नालंदा को नव संबद्धता प्रदान की गई है।

बैठक में प्रति कुलपति प्रो. गणेश महतो, एके नाग, डॉ. अजय कुमार डॉ. नमिता सिन्हा, प्रो. रिमझिम शील डॉ. अरुण श्रीवास्तव, आएसडी दुर्गाशंकर प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक डॉ महेश मंडल ने भी अपने विचार रखे



पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में मंगलवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक में भाग लेते विवि के पदाधिकारी।

## इन कॉलेजों को मिली संबद्धता

एमजीएम कॉलेज ऑफ लॉ, बेला, नौबतपुर, आंबेडकर लॉ कॉलेज, दानापुर, हिमालय लॉ कॉलेज, पालीगंज, जेपी कॉलेज ऑफ लॉ, नालंदा, इम्पैक्ट लॉ कॉलेज, पटना, सुरेन्द्र हेमंत कॉलेज फॉर लिगल स्टडीज, पटना को त्रिवर्षीय एलएलबी एवं पांच वर्षीय बीए एलएलबी के लिए सत्र 2023-24 से संबंधन दिया गया। एमजीएम कॉलेज ऑफ लॉ, बेला, नौबतपुर, अम्बेदकर लॉ कॉलेज, दानापुर, हिमालय लॉ कॉलेज, पालीगंज को बीबीए एलएलबी के लिए संबंधन मिला। बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, राजाबाजार को एलएलएम द्विवर्षीय के लिए संबद्धता मिली। चैतन्य कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नॉलॉजी, पटना एवं कामता प्रसाद सिन्हा कॉलेज, चिकसी पालीगंज को आधारभूत ढांचे में कमी के कारण संबद्धता प्रदान नहीं की।

## फीस वृद्धि का प्रस्ताव

प्राचार्य प्रो. इंद्रजीत राय, प्राचार्य प्रो. एसपी. शाही ने स्व वित पोषित पाद्यक्रमों के फीस वृद्धि का प्रस्ताव दिया। प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र प्रसाद ने स्पॉट एडमिशन, प्रो. पूनम ने विज्ञान विषयों में पदों के सृजन एवं डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अर्चना सिन्हा ने भी मामले उठाए। कुलपति ने कमेटी गठित कर इसी सप्ताह में निराकरण की बात कही।

Scanned with CamScanner

# PATLIPUTRA UNIVERSITY
# PATNA-800020

E- mail:patliputrauniversity2018@gmail.com
registrar@ppup.ac.in


Ref.no:-.................................. Date:-...........................

सेवा में,

1. Prof. Anil Kumar, I/C Science, PPU, Patna.
2. Prof. Arun Kumar Singh, Head, Deptt. of Psychology, PPU, Patna
3. Prof. L.B Gupta, Deptt. of Commerce, B.D College, Patna
4. Prof. Ashok Kumar Sinha, Deptt .of Physics, A.N College, Panta

**विषयः- Maa Sharda College of Technical Education and Research, Kankarbagh, patna में सत्र 2023–24 के नये संबंधन/दीर्घीकरण संबंधन हेतु निरीक्षण के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि माननीय कुलपति महोदय ने उपर्युक्त विषय हेतु आपको निरीक्षण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की है। महाविद्यालय के संबंधन के लिए राज्य सरकार द्वारा लगाई गई शर्तों एवं विश्वविद्यालय के नियम–परिनियम में वर्णित शर्तों की पूर्ति के संबंध में कॉलेज द्वारा दी गई सूचनाओं का निरीक्षण एवं सत्यापन कर निरीक्षण–प्रतिवेदन/सत्यापित प्रति विहित प्रपत्र की तीन प्रतियों में भरकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में तीन दिनों के अंदर जमा करें।

**निरीक्षण की तिथि : 14.12.2022 (बुधवार)**

विश्वासभाजन
ह०/–
(डॉ० जितेन्द्र कुमार)
कुलसचिव
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञापांक ....R/PPU/2824/22.... दिनांक ....12.12.2022....

**प्रतिलिपिः**

1. सचिव/प्रधानाचार्य, Maa Sharda College of Technical Education and Research, Kankarbagh, patna.
2. महाविद्यालय निरीक्षक (विज्ञान), पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।
3. वित्त पदाधिकारी, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।
4. माननीय कुलपति महोदय/प्रतिकुलपति महोदय/कुलसचिव के निजी सचिव पी.पी.यू., पटना।
5. संरक्षित संचिका।

कुलसचिव
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

Scanned with CamScanner